इमाम हुसैन की सत्यता और क़ुस्तुनतुनिया के हदीस की सच्चाई

अहले बैत की मुहब्बत व प्रतिष्ठा एवं इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की सत्यता का वर्णन

अल्लाह तआला ने क़ुरान करीम में अहले बैत किराम से मुहब्बत का आदेश दिया हैः-

भाषांतरः अए हबीब सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम आप फरमा दीजिए! मैं तुम से इस पर पारिश्रमिक के अहले बैत की मुहब्बत के कुछ और नहीं चाहता हुँ।

(सुरह अश-शूराः 42:23)

और हदीस पाक में हैः-

भाषांतरः तुम अपनी औलाद को 3 बातों पर परवरिश करो पने नबी अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की मुहब्बत, आप के अहले बैत पाक की मुहब्बत एवं क़ुरान की तिलावत।

(अल फत्हुल कबीर, जिल्द 01, पः 59 / अल जामेअ उल कबीर, हदीस संख्याः 924 / जामेअ उल अहादीस, हदीस संख्याः 961 / कंज़ुल उम्माल, हदीस संख्याः 45409)

जैसा के अल्लाह तआला का आदेश हैः-

भाषांतरः निश्चय अल्लाह तआला तो यही चाहता है अए नबी के घर वालो के तुम से प्रत्येक अपवित्रता दूर फरमा दे और तुम्हें पाक कर के खूब सुथरा कर दे।

(सुरह अल अहज़ाबः 33:33)

इस क़ुरानी आयत से साबित है के अल्लाह तआला ने अहले बैत को प्रत्येक प्रकार की चिन्ता, सोंच-विचार, विश्वास व अमली, सभ्याचार, ज़ाहिरी व बातिनी अशुद्धता व अपवित्रता से पवित्र व शुद्ध रखा। इस के शाने-नुज़ूल के संबंध से हज़रत सैयदतना उम्मे सलमा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा फरमाती हैः

भाषांतरः हज़रत उम्मुल मोमिनीन सैयदतना उम्मे सलमा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा फरमाती हैं जिस समय सरकार दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम मेरे हुजरे में उजागर थे उस समय ये धन्य आयत प्रकट हुईः अए हबीब पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के घर वालों! निश्चय अल्लाह तआला यही चाहता है के प्रत्येक गंदगी व अशुद्धता को तुम से दूर रखे एवं तुम्हें सम्पूर्ण पवित्रता प्रदान करे। जब ये आयत करीम प्रकट हुई तो सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने हज़रत सैयदह फातिमा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा, हज़रत अली मुरतज़ा रज़ियल्लाहु तआला अन्हु, हज़रत हसन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु एवं हज़रत हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को याद किया, फिर हुज़ूर पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फरमायाः ये मेरे अहले बैत हैं। उम्मुल मोमिनीन हज़रत उम्मे सलमा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा ने निवेदन कियाः या रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम क्या मैं अहले बैत से नहीं हुँ? सरकार (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) ने फरमायाः क्यों नहीं! तुम भी अहले-बैत से हो।

(ज़ुजाजातुल मसाबीह, जिल्द 05, पः 316)

जामेअ तिरमिज़ी में हदीस पाक हैः-

भाषांतरः हज़रत सैयदना अब्दुल्लाह बिन अब्बास रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है फरमाते हैं के हज़रत रसूल अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने आदेश कियाः अल्लाह तआला से मुहब्बत किया करो क्यों के वह तुम्हें नेमतों

से संबोधित करता है तथा अल्लाह तआला की मुहब्बत के वास्ते मुझ से मुहब्बत किया करो तथा मेरी मुहब्बत के लिए मेरे अहले-बैत से मुहब्बत किया करो।

(जामेअ तिरमिज़ी, जिल्द 02, पः 219, हदीस संख्याः 219 / मिश्कातुल मसाबीह, जिल्द 02, पः 573 / ज़ुजाजातुल मसाबीह, जिल्द 05, पः 314)

अल्लाह तआला की कृपा व दया व एहसान का परिणाम ये है के उस से मुहब्बत की जाए तथा अल्लाह तआला की मुहब्बत प्राप्त करने के लिए सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से मुहब्बत की जाए, हबीब पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की मुहब्बत के लिए अहले बैत पाक से मुहब्बत की जाए।

जैसा के अहले बैत पाक की मुहब्बत हुज़ूर पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की मुहब्बत हासिल करने के लिए माध्यम है तथा नबी पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की मुहब्बत माध्यम व क़दम है अल्लाह तआला की मुहब्बत के हासिल करने के लिए जो कोई मनुष्य अल्लाह तआला से निज़दीकी का इच्छुक हो और अल्लाह तआला के दरबार में माँगता हो तो उस के लिए रास्ता व मार्ग यही है के वह अहले बैत किराम से मुहब्बत करें जिस के परिणाम में उसे हुज़ूर पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से निकटता मिलेगा तथा सरकार दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के धन्य दरबार से उसे फिर अल्लाह तआला से नज़दीकी नसीब होगी।

सुनन इब्न माजह व जामेअ तिरमिज़ी की रिवायत है सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने आदेश कियाः

भाषांतरः कसम है उस ज़ात की जिस के वश में मेरी जान है। किसी व्यक्ति के दिल में ईमान दाखिल ही नहीं हो सकता जब तक के वह तुम (अहले-बैत) से अल्लाह और उसके रसूल (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) के लिए मुहब्बत ना हो।

(सुनन इब्न माजह, पः 13, हदीस संख्याः 137)

सुनन इब्न माजह की रिवायत में ये शब्द हैं जब तक के वह इन (अहले-बैत) से अल्लाह तआला के लिए और मेरी खराबत के कारण से मुहब्बत व प्रेम ना करे।

ईमान सम्पूर्ण इबादतों व अहकामों के लिए शर्त का दर्जा रखता है एवं इस हदीस पाक से मालूम होता है के ईमान के लिए अहले-बैत की मुहब्बत शर्त है।

मुहब्बत का आदर्श

सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने मुहब्बत व प्रेम करने का आदेश दिया तथा मुहब्बत का दर्जा भी बतला दियाः (सुनन अबु दाउद, जिल्द 02, पः 699)

मुहब्बत मानव को अँधा और बेहरा बना देती है यानी प्रिय व मुहिब अपने महबूब के अंदर ना कोई खोट व दोष देख सकता है एवं ना उस के संबंधित कोई दोष सुन सकता है।

मुहब्बत का स्तर व आदर्श ये है के महबूब के अन्दर खोट व दोष हो तब भी दोष दिखाई ना दे एवं अल्लाह तआला एवं उस के हबीब सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने जिन धन्य हसतियों से मुहब्बत व स्नेह व सम्मान का आदेश दिया उन धन्य ज़ातों की पवित्रता व तहारत की घोषणा भी खुद ही किया है तथा उन से प्रत्येक प्रकार के खोट व ऐब की नफी फरमाई है।

यदि कोई अल्लाह तआला की ओर से घोषणा के बाद भी हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की ओर कोई अनुचित चीज़ निकालता है या उनके पवित्र चरित्र पर उंगली उठाता है और इन पर दुनियादारी का आरोप लगाता है, तो वह इन पर विरोध नहीं कर रहा है बल्कि क़ुरानी आयत पर विरोध कर रहा है तथा साथ-साथ मुहब्बत के नियम के विरुद्ध कर के मुहब्बत की सीमा से निकल जाता है।

नबी पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने अहले-बैत किराम से जहाँ मुहब्बत करने का आदेश दिया वहीं अहले बैत किराम से मुहब्बत करने वालों के लिए जन्नत व शफाअत प्रदान की।

भाषांतरः मेरी शफाअत मेरी उम्मत के उन खुश-नसीबों व भाग्यशाली लोगों के लिए है जो मेरे अहले-बैत से मुहब्बत व प्रेम रखते हैं।

(कंज़ुल उम्माल, जिल्द 13, पः 86)

दैलमी और कंज़ुल उम्माल में हदीस पाक हैः-

भाषांतरः चार भाग्यशाली लोग ऐसे हैं मैं क़ियामत के दिन उन की शफाअत करुँगा-

(1)- मेरे अहले-बैत का आदर व सम्मान करने वाला।

(2)- उन के लिए उन की आवश्यकता की चीज़ें पेश करने वाला।

(3)- अवश्यकता के समय उन के लिए बन्दोबस्त करने वाला।

(4)- और दिल व ज़बान से उन की मुहब्बत रखने वाला।

(कंज़ुल उम्माल, जिल्द 13, पः 86)

www.Ziaislamic.com

ज़ुजाजातुल मसाबीह में मुसनद इमाम अहमद की रिवायत हैः-

भाषांतरः हज़रत सैयदना अबु ज़र ग़िफारी रज़ियल्लाहु तआला अन्हु फरमाते हैं जब के वह बाबे-कअबा को थामे हुए थे, मैं ने हज़रत नबी अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को फरमाते हुए सुना के आप ने आदेश कियाः सचेत रहो! निश्चय मेरे अहले बैत किराम की मिसाल तुम में हज़रत नूह अलैहिस सलाम की कश्ती के प्रकार है जो इस में सवार हुआ वह मुक्ति पा लिया तथा जो इस से पीछे रहा हलाक व नाश हो गया।

(मिश्कातुल मसाबीह, जिल्द 02, 573 / ज़ुजाजातुल मसाबीह, जिल्द 05, पः 315)

अहले बैत एवं सहाबा की मुहब्बत – अहले सुन्नत के लक्षण

सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने अहले बैत किराम रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम को मुक्ति व सलामती का सन्दूक घोषित किया तथा सहाबा किराम रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम को हिदायत व मार्गदर्शन के तारे (नक्षत्र) घोषित किया। जैसा के आदेश कियाः

www.Ziaislamic.com

भाषांतरः मेरे सहाबा हिदायत व मार्गदर्शन के नक्षत्र हैं, तुम इन में से जिस की भी आज्ञापालन करोगे हिदायत पा लोगे।

(मिश्कातुल मसाबीह, पः 554 / ज़ुजाजातुल मसाबीह, जिल्द 05, पः 334)

मिरखातुल मफातीह शरह मिश्कातुल मसाबीह में हज़रत मुल्ला अली खारी रहमतुल्लाहि अलैह हज़रत इमाम फक़्रुद्दीन राज़ी रहमतुल्लाहि अलैह के हवाले से लिखते हैः-

भाषांतरः अल्हमदुलिल्लाह हम अहले सुन्नत व जमात अल्लाह तआला की कृपा व करम से अहले-बैत किराम रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम की मुहब्बत की कशती में सवार हैं तथा सहाबा किराम रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम के हिदायत वा मार्गदर्शन के सितारों से रेहबरी पार है हैं तथा हमें उम्मीद है के अल्लाह तआला क़ियामत की हौलनाकियों से एवं नरक व दोज़ख़ के क्षेत्र से मुक्ति प्रदान करेगा, हमेशा रेहने वाली तथा नेमतों वाली जन्नत के ऊँचे स्थान पर पहुँचेगा।

हज्जतुल वदाअ से वापसी के समय अहले बैत की मुहब्बत पर खुत्बा

सहीह मुसलिम में हदीस पाक हैः-

www.Ziaislamic.com

भाषांतरः हज़रत सैयदना ज़ैद बिन अरखम रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है वह फरमाते हैं हज़रत रसूलउल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम एक दिन ग़दीर-क़म में खुत्बा आदेश करने के लिए उजागर हुए जो मक्के एवं मदीने के बीच है।

आप (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) ने अल्लाह तआला का धन्यवाद किया, प्रशंसा वर्णन की एवं प्रवचन किया, उपदेश कीं तथा आखिरत की याद दिलाई फिर आदेश कियाः अए लोगो! निश्चय मैं मनुष्य जाति में उजागर हुआ हुँ शीघ्र मेरे रब का खासिद मेरे दरबार में उपस्थित होगा तथा मैं उस की दावत को स्वीकार करेगा, तथा मैं तुम में 2 सर्वश्रेष्ठ व सम्मानित नेमतों छोड़े जा रहा हुँ इन में से एक अल्लाह तआला की किताब है जिस में हिदायत व मार्गदर्शन एवं नूर है बस तुम अल्लाह तआला की किताब को थाम लो तथा मज़बूती से पकड़े रहो, उसके बाद क़ुरान करीम के बारे में निर्देश किया तथा उस की ओर उपदेश दिलाया फिर आदेश कियाः (दुसरी नेअमत) अहले-बैत किराम है। मैं तुम्हें अल्लाह तआला की याद दिलाता हुँ मेरे अहले-बैत के बारे में, मैं तुम्हें अल्लाह तआला की याद दिलाता हुँ मेरे अहले-बैत के बारे में।

(मुसलिम शरीफ, जिल्द 02, पः 279, हदीस संख्याः 2408 / मिश्कातुल मसाबीह, पः 68 / ज़ुजाजातुल मसाबीह, जिल्द05, पः 317/318/319)

“मेरे अहले-बैत किराम के बारे में मैं तुम्हें अल्लाह तआला की याद दिलाता हुँ” ये इस लिए फरमाया के अहले-बैत किराम से मुहब्बत सरकार पाक सल्लल्लाहु

तआला अलैहि वसल्लम के लिए है तथा आप से मुहब्बत अल्लाह तआला के लिए है अर्थात अहले-बैत किराम की मुहब्बत अल्लाह तआला तक पहुँचाने वाली है तो उन के बारे में अल्लाह तआला से ड़रते रहो के कभी तुम्हारी ज़बान से उनके विरुद्ध कोई अनुचित शब्द ना निकले, इस हदीस पाक की शरह (व्याख्या व निर्वचन) में हज़रत मुल्ला अली खारी रहमतुल्लाहि अलैह फरमाते हैः-

भाषांतरः सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने "मेरी अहले बैत किराम के बारे में मैं तुम्हें अल्लाह तआला की याद दिलाता हुँ।" 2 बार फरमाया इस में हिकमत ये है के प्रथम बार जो फरमाया उस से तात्पर्य व अर्थ आले-पाक रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम हैं तथा दुसरे से तात्पर्य उम्मुहातुल मोमिनीन रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम हैं।

(मिरखातुल मफातीह, जिल्द 05, पः 594)

सहाबा किराम की दुख पहुँचाना नबी पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को दुख का माध्यम

सरकार दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने अहले-बैत किराम रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम के संबंधित निर्देश व चेतावनी से आदेश किया के उनके बारे में अल्लाह से ड़रते रहें तथा इस के साथ-साथ सहाबा किराम

रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम के बारे में भी चेतावनी निर्देश की के जैसा के जामेअ तिरमिज़ी में हदीस पाक हैः-

भाषांतरः हज़रत अब्दुल्लाह बिन मुग़फ्फल रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है आप ने फरमाया के रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने आदेश कियाः मेरे सहाबा के बारे में अल्लाह तआला से ड़रते रहो, अल्लाह तआला से ड़रते रहो, मेरे बाद उन्हें निन्दा का लक्ष्य ना बनाओ, बस किसी ने उन से मुहब्बत की तो निश्चय उस ने मेरी मुहब्बत के लिए उन से मुहब्बत की है तथा जिस किसी ने उन से द्वेष रखा तो उस ने मुझ से द्वेष कि बिना पर उन से द्वेष रखा है तथा जिस ने मुझ को दुख दिया निस्संदेह उस ने अल्लाह तआला को दुख दिया है तथा जिस ने अल्लाह को दुख दिया खरीब है के अल्लाह तआला उस की गिरफ्त करे।

(जामेअ तिरमिज़ी, जिल्द 02, पः 225, हदीस संख्याः 3797)

क़ुरान व अहले बैत से नाता – हिदायत की ज़मानत

हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने अहले-बैत किराम से संबंध व नाते को मुक्ति व नजात का माध्यम तथा गुमराही व ज़लालत से सुरक्षा का साधन घोषित किया जो उन लोगों से संबंध रखना चाहता है वह कभी गुमराह नहीं होता तो सोंचना चाहिए! क्या वह उच्च ज़ात बेराहरोई (गलत मार्ग व राह) व दुनिया के इच्छुक का शिकार हो सकते हैं क्या? *असअयाज़बिल्लाह*

अर्थात हज्जतुल वदाअ के अवसर पर जहाँ सरकार दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने सारी दुनिया को अमन व सलामती का सन्देश दिया तथा सम्पूर्ण धर्म की घोषणा की वहीं क़ुरान करीम तथा अहले बैत किराम से सम्पर्क व नाता रखने का आदेश दिया जिन से गुलामी का संबंध रखना लोक व परलोक की कृपा व वरदान का माध्यम है। और बेदीनीन व बदमज़हबी तथा द्वेष व गुमराही से बचने के लिए मज़बूत क़िला है।

सुनन बैहखी व जामेअ तिरमिज़ी की रिवायत हैः-

भाषांतरः हज़रत सैयदना जाबिर रज़ियल्लाहु तआला अन्हु वर्णन करते हैः मैं ने रसूल अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को हज्जतुल-वदाअ के अवसर पर अरफात में देखा के आप अपनी धन्य ऊँटनी *क़सवा* पर उजागर हैं तथा खिताब कर रहे हैं, मैं ने आप (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) को फरमाते हुए सुनाः "अए लोगो! निश्चय मैं तुम को 2 विशाल वरदान दे कर जा रहा हुँ जब तक तुम उन्हें थामे रहोगे कभी गुमराह ना होगेः वह अल्लाह तआला की किताब (क़ुरान पाक) और मेरी अहले बैत है"!

(तिरमिज़ी, जिल्द 02, पः 219, हदीस संख्याः 3718)

यहाँ ये बात सोंच-विचार के योग्य है के सरकार दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के धन्य आदेश के अनुसार अहले-बैत किराम गुमराही से बचाने वाले हुए जिन से नाता व सम्पर्क होने वाला गलत-राह पर नहीं हो सकता तो क्या इन पवित्र व उच्च हस्तियों के संबंध गलत बातें दालना या उन पर दुनियादारी (सांसारिक होना) का आरोप लगाना या उनके किए गए संघर्ष व कर्म को राजनीतिक संघर्ष केहना श्रेष्ठ हो सकता है?

जब के अल्लाह तआला ने अपने पावन कलाम में उनकी पवित्रता व शुद्धता के संबंध से फरमायाः-

भाषांतरः निश्चय अल्लाह तआला तो यही चाहता है अए नबी के घर वालो के तुम से प्रत्येक नापाकी दूर कर दें तथा तुम्हें पवित्र व पाक कर के खूब सुथरा कर दे।

(सुरह अल अहज़ाबः 33:33)

और जिनके लिए हुज़ूर पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने दुआ कीः

“अए अल्लाह! ये मेरा परिवार (*अहले-बैत*) तू इन से गंदगी को दूर कर तथा उन्हें सम्पूर्ण रूप से पवित्रता व शुद्धता प्रदान कर!”

(जामेअ तिरमिज़ी, जिल्द 02, पः 219, हदीस संख्याः 3129)

हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की सत्यता व सच्चाई

कुछ लोग ये दृष्टिकोण रखते हैं के शहीदों के सरदार हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु का करबला तशरीफ ले जाना एवं आप की विशाल शहादत नउज़बिल्लाह राजनीतिक एवं राज्य के अधिकार को प्राप्त करने के लिए लड़ी जाने वाला युद्ध है।

जब के नबियों के ताजदार हबीब पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने उम्मत के लोगों को करबला के युद्ध के समय इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु का साथ देना एवं नुसरत करने के लिए आदेश दिया। क्या कोई ईमान वाला ये केहने की जुर्रत व हिम्मत कर सकता है के सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने जब मन्सब तथा दुनिया के इच्छा में किसी की मदद करने के लिए फरमाया हो? *अलअयाज़बिल्लाह*

जैसा के कंज़ुल उम्माल में हदीस पाक हैः-

भाषांतरः निश्चय मेरा ये बेटा यानी हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु इराक़ के एक इलाक़े में शहीद किया जाएगा तो उम्मत के सदस्यों में से जो उस समय उपलब्ध हों उसे चाहिए के इन की हिमायत व तरफ में खड़ा हो जाए।

www.Ziaislamic.com

(कंज़ुल उम्माल, जिल्द 13, पः 111, हदीस संख्याः 621)

इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को किस प्रकार संसार के नापायदार इक़तेदार की इच्छा हो सकती है जब के आप ही के घराने से सारे निर्माण को धर्मनिष्ठता, तक़वा व परहेज़गारी एवं धर्मपरायणता की दौलत मिली है। हज़रत सैयदना इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को इस नाश होने वाली दुनिया की किस प्रकार इच्छा हो सकती है जबके आप रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के सामने सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का धन्य आदेश हैः-

भाषांतरः एक कोड़ा बराबर जन्नत का स्थान दुनिया एवं इस की सारी चीज़ों से श्रेष्ठतर है।

(सहीह बुखारी, हदीस संख्याः 3250)

जिस जन्नत में एक चाबुक बराबर स्थान दुनिया से श्रेष्ठतर है, आप तो इसी जन्नत में रेहने वाले जवानों के सरदार हैं जैसा के जामेअ तिरमिज़ी की रिवायत हैः-

भाषांतरः हसन तथा हुसैन (रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम) जन्नती जवानों के सरदार हैं।

(जामेअ तिरमिज़ी, जिल्द 02, पः 217, हदीस संख्याः 3701)

अहले-बैत का निरादर गुमराही व इमान के विनाश का साधन

इमाम बैहखी की शुअबुल इमान में हदीस पाक वर्णन है, सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने आदेश किया हैः-

भाषांतरः 6 सदस्य ऐसे हैं जिस पर मेरी लानत है तथा अल्लाह तआला की लानत तथा प्रत्येक नबी की दुआ स्वीकार होती है... अल्लाह तआला की हराम की हुई चीज़ों को हलाल समझने वाला तथा मेरी पवित्र वंश से संबंधित उन चीज़ों को हलाल समझने वाला जिन्हें अल्लाह तआला ने हराम किया है यानी इन की निरादर व असम्मान करने वाला।

(बैहखी शुअबुल ईमान, हदीस संख्याः 3850 / मिश्कातुल मसाबीह, जिल्द 01, पः 22)

इस से स्पष्ट है के अहले-बैत किराम का निरादर लानत व हलाकत का साधन है।

जैसा के जामेअ तिरमिज़ी में हदीस पाक हैः-

भाषांतरः हदीस के रावी केहते हैं के हज़रत सलमा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा ने वर्णन करते हुए कहा के मैं हज़रत उम्मुल मोमिनीन उम्मे सलमा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा की सेवा में उपस्थित हुईं जब के वह रो रही थी मैं ने निवेदन कियाः आप के रोने का कारण क्या है तो हज़रत उम्मे सलमा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा ने फरमाया मैं ने सपना देखा- "हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के सर अनवर तथा रेश पाक पर ग़ुबार है निवेदन करने पर फरमायाः मैं अभी इमाम हुसैन की शहादत के स्थान (करबला) में उपस्थित था।"

(जामेअ तिरमिज़ी, जिल्द 02, पः 218, हदीस संख्याः 3704)

करबला के युद्ध में सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का तशरीफ ले जाना इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की सच्चाई व सत्यता स्पष्ट दलील है।

इमाम हसन व हुसैन को चाहने वाला भी जन्नती

प्रसिद्ध मुहद्दिस इमाम अबुल खासिम तबरानी (जन्मः 260 हिज्री – देहान्तः 360 हिज्री) रहमतुल्लाहि अलैह ने मुअजम औसत में अपनी सनद के साथ हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्बास रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित की है, तथा अल्लामा अली मुत्तक़ी हिन्दी (देहान्तः 975 हिज्री) ने कंज़ुल उम्माल जिल्द 13 पः 103-104

पर इब्न असाकीर के हवाले से वर्णन किया है, हज़रत इमाम तबरानी की मुअजम औसत, हदीस संख्याः 6649 व्याख्या की जा रही हैः-

भाषांतरः हज़रत सैयदना अब्दुल्लाह बिन अब्बास रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है हज़रत रसूलउल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने असर की नमाज़ पढ़ी, जब आप चौथी रकात में थे हसन तथा हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम उपस्थित हुए यहाँ तक के सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की धन्य पुश्त (पीठ) पर सवार हो गए आप ने उन को अपने सामने बिठाया हज़रत हसन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु आगे बढ़े हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने हज़रत हसन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को अपने दायें कन्धे (शाना) पर उठा लिया तथा हज़रत हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को बायें कन्धे पर उठा लिया फिर आदेश कियाः अए लोगो! क्या मैं तुम्हें बतलाउँ वह कौन हैं जिन के नाना, नानी सारे विश्व से श्रेष्ठतर है? क्या मैं तुम्हें बतलाउँ वह कौन हैं जिन के मामू तथा खाला सब के मामू तथा खाला से श्रेष्ठतर है? क्या मैं तुम्हें बतलाउँ वह कौन हैं जिन के माता-पिता सब के माता-पिता से श्रेष्ठतर है? सुनो! वह हसन और हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम हैं। इन के नाना जान अल्लाह तआला के रसूल (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) हैं और नानी जान खदीजा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा हैं। इन की माँ फातिमा (रज़ियल्लाहु तआला अन्हा) बिन्त रसूल (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) हैं, इन के पिता अली बिन अबु तालिब (रज़ियल्लाहु तआला अन्हु) हैं, इन के चाचा जअफर बिन अबु तालिब (रज़ियल्लाहु तआला अन्हु) हैं, इन की फूफी उम्मे हानी बिन्त अभु तालिब (रज़ियल्लाहु तआला अन्हु) हैं, इन के मामू खासिम बिन (बेटे) रसूल सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम है, इन की खालाएँ ज़ैनब (रज़ियल्लाहु तआला अन्हु),

www.Ziaislamic.com

रुक़ैया (रज़ियल्लाहु तआला अन्हा) और उम्मे कुल्सूम (रज़ियल्लाहु तआला अन्हा), रसूलउल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की बेटियाँ, इन के नाना जान जन्नत में हैं, इन के पिता जन्नत में हैं, इन की नानी जन्नत में है, इन की माँ जन्नत में हैं, इन के चाचा जन्नत में हैं, इन की फूफी जन्नत में हैं, इन की खालाएँ जन्नत में हैं, वह खुद जन्नत में हैं और उनकी बेहन जन्नत में हैं।

(मुअजम औसत तबरानी, हदीस संख्याः 6649)

और जो भी इन दोनों से मुहब्बत रखे वह जन्नती हैं।

(कंज़ुल उम्माल, जिल्द 13, पः 103/104)

हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की प्रतिष्ठा

धन्य जन्म की शुभ-सूचना

सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की चाची ने एक सपना देखा और हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की धन्य सेवा में उपस्थित हो कर निवेदन कीं तो सरकार दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने उसकी

www.Ziaislamic.com

सुखी ताबीर (विवेचना) वर्णन की और इमाम हुसैन के जन्म की शुभ-सूचना दी जैसा के इमाम बैहखी की दलाईल उन नबुव्वह में वर्णन हैः-

भाषांतरः हज़रत उम्मे फज़्ल बिन्त हारिस रज़ियल्लाहु तआला अन्हा वर्मन करती हैं के वे सरकार दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के पावन दरबार में उपस्थित हो कर विनती कीं या रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम! मैं ने आज रात एक संकटपूर्ण सपना देखा है, सरकार ने आदेश कियाः आप ने क्या सपना देखा? निवेदन रने लगीं वह बहुत ही चिन्ता का माध्यम है। आप ने आदेश किया वह क्या है? निवेदन करने लगीः मैं नें देखा "जैसे आप के धन्य शरीर से एक भाग काट दिया गया तथा मेरी गोद में रख दिया गया.।" सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने आदेश कियाः तुम ने बहुत अच्छा सपना देखा है। इनशाल्लाह फातिमा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा को नंदन होंगे तथा आपकी गोद में आएँगे अर्थात ऐसा ही हुआ, हज़रत फातिमा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा को हज़रत इमाम हुसैन जन्म हुए एवं वह मेरी गोद में आए जैसा के नबी करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने शुभ-सूचना दी थी, फिर एक दिन मैं नबी करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की धन्य सेवा में उपस्थित हुई तथा हज़रत हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को आप की धन्य सेवा में पेश किया फिर उसके बाद क्या देखती हुँ के सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की आँखें आंसूओं से भरी हुई हैं, ये देख कर मैं ने निवेदन किया या रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम मेरे माता-पिता आप पर क़ुरबान! इन आँसुओं का कारण क्या है? नबी पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने आदेश कियाः जिब्रील अलैहिस सलाम ने मेरी सेवा में उपस्थित हो कर निवेदन कियाः शीघ्र मेरी उम्मत के कुछ लोग मेरे इस बेटे को शहीद करेंगे।

www.Ziaislamic.com

मैं ने निवेदन किया सरकार क्या वह इस नंदन को शहीद करेंगें? सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने आदेश किया हाँ! और जिब्रील अमीन अलैहिस सलाम ने उस स्थान की सूखी मिट्टी सेवा में पेश की।

(दलाईल उन नुबुव्वह लिल बैहखी, हदीस संख्याः 2805 / मिश्कातुल मसाबीह, जिल्द 02, पः 572 / ज़ुजाजातुल मसाबीह, जिल्द 05, पः 327-328)

हज़रत उम्मे फज़्ल रज़ियल्लाहु तआला अन्हा की हदीस पाक में हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के धन्य जन्म की शुभ-सूचना है उस के साथ-साथ सरकार दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की ग़ैब-दानी (अज्ञात व पैगम्बरी-ज्ञान) की प्रतिभा व शान भी उजागर है के आप अल्लाह तआला के प्रदान से माओं के पेट में क्या है जानते हैं।

जैसा के सुरह लुक़मान की अंत आयत में जो वर्णन है उस से तात्पर्य ज़ाती-ज्ञान है वह केवल अल्लाह तआला अलीम व ख़बीर के गुण हैं अर्थात हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने अल्लाह तआला की प्रतिदान से ना केवल धन्य जन्म की शुभ-सूचना दी बल्कि लिंग का नियुक्त भी फरमा दिया आदेश कियाः लड़का जन्म होगा अधिक ये भी फरमा दिया के वह हज़रत उम्मे फज़्ल रज़ियल्लाहु तआला अन्हा की गोद में आएँगें।

धन्य जन्मः

हज़रत इमाम हसन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के प्रिय जन्म के 50 दिन बाद हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु कि उत्पत्ति हुई आप का धन्य जन्म मंगलवार 5 शअ़बानुल मुअ़ज़म 4 हिज्री मदीने तैयिबा में हुई।

(मअ़रिफतिस सहाबा ली अबी नुऐम)

आपके पद

इमाम आ़ली मखाम सैयदु शुहदा हज़रत सैयदना इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु कि कुन्नियत अबु अबदुल्लाह है तथा आपके अन्य उपाधि व उपपद- रेहाने रसूल सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम, सैयद शहबाब अहले जन्नह, अर रशीद, अल तैयिब, अल ज़की, अल सैयद, अल मुबारक हैं।

जब आप के जन्म हुआ तो हुज़ूर नबी अकरम सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम ने आप के कान में अज़ान कही जैसा के रिवायत हैः-

(मुअ़जम कबीर तबरानी, हदीस संख्याः 2515)

मुअ़जम कबीर तबरानी में रिवाय हैः-

www.Ziaislamic.com

भाषांतरः हज़रत सैयदना अ़ली मुरतज़ा रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है के आप ने अपने बड़े नंदन सैयदना हसन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु का धन्य नाम हमज़ा तथा सैयदना हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु का मुबारक नाम इन के चाचा हज़रत जअ़फर रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के नाप पर रखा, फिर हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम ने इन का नाम हसन और हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हुम रखा।

(मुअ़जम कबीर तबरानी, हदीस संख्याः 2713)

हसन व हुसैन- जन्नती नाम

हसन तथा हुसैन यह दोनों नाम अहले जन्नत के नामों में से हैं तथा इसलाम से पूर्व अ़रब ने यह दोनों नाम ना रखे।

अ़ल्लामा इ़ब्ज हज्र मक्की हैतमी रहमतुल्लाहि अलैह ने अल सवाअ़ख अल महरखह पः 115, में रिवायत आख्यान किए हैः-

(अल सवाइ़ख अल महरखह पः 115, तारीक़ुल खुलेफा, जिल्द 1, पः 149)

www.Ziaislamic.com

सरकार पाक सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम ने ह़ज़रत हसन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु तथा ह़ज़रत हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु का अ़खीखा फरमायाः

भाषांतरः सैयदना अ़बदुल्लाह बिन अ़ब्बास रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है के ह़ज़रत रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम ने ह़ज़रात हसन व हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के अ़खीखे में दुंब्बे (भेड़) ज़िबा किए।

(सुनन निसाई, किताबुल अ़खीखह, ह़दीस संख्याः 4230)

भाषांतरः जब जन्नती लोग जन्नत में प्रवेश होंगे तो जन्नत विनती करेगीः ऐ पालनहार कया तू ने वादा नहीं किया के तू 2 अरकान से आभूषण करेगा? तो अल्लाह तआ़ला आदेश करेगाः कया मैं ने तुझे हसन व हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से आभूषण नहीं किया? यह सुन कर जन्नत दुलहन (नववधू) के प्रकार गर्व करने लगेगी।

(मुअ़जम औसत तबरानी, ह़दीस संख्याः 343, जामेअ़ अल हादिस लिल सुयूती, ह़दीस संख्याः 1331, अल जामअ़ अल कबीर लिल सुयूती, ह़दीस संख्याः 1342, मजमअ़ अज़ ज़वाइ़द अल फवाइ़द, ह़दीस संख्याः 15096, कंज़ुल उ़म्माल, जिल्द 13, पः 106, ह़दीस संख्याः 34290)

ह़ज़रत इ़माम हुसैन से मुहब्बत पर संबोधन

www.Ziaislamic.com

सुनन इब्न माजह शरीफ में हदीस पाक हैः-

भाषांतरः सैयदना अबु हुरैरह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है के हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम ने आदेश फरमायाः जिस ने हसन और हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हुमा से मुहब्बत व प्रेम किया, इस ने वास्तव में मुझ ही से मुहब्बत कि और जिस ने हसन तथा हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्ुमा से द्वेष रखा इस ने मुझ ही से द्वेष रखा।

(सुनन इब्न माजह शरीफ, हदीस संख्याः 148)

हसनैन करीमैन से मुहब्बत- अल्लाह से मुहब्बत की जमानत

हज़रत उ़सामा बिन ज़ैद रज़ियल्लाहु तआला अन्हुमा से मरवी हदीस शरीफ में हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम ने हसनैन करीमैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से संबंधित अनुदेश कियाः

भाषांतरः यह दोनों मेरे (सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम) बेटे हैं तथा मेरी बेटी के बेटे हैं। ऐ अल्लाह! तू इन दोनों से मुहब्बत व स्नेह फरमा तथा जो इन से मुहब्बत रखे इसके अपना महबूब व प्रिय बनाले।

www.Ziaislamic.com

(जामे तिर्मिज़ी, हदीस संख्याः 4138)

अल्लाह तआ़ला का प्रिय व महबूब मन्ना इ़माम आ़ली मखाम कि मुहब्बत से भाग्य होती है। जैसा के हदीस शरीफ में हैः-

भाषांतरः अल्लाह तआ़ला इस को अपना प्रिय व महबूब बनाले जिस ने हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से मुहब्बत व स्नेह रखी।

(जामे तिर्मिज़ी, जिल्द 2, पः 218, हदीस संख्याः 4144)

हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम ने इ़माम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को अपनी पावन गोद में उठाया तथा आप के लबों को बोसा दे कर दुआ़ फरमाईः-

भाषांतरः ईलाही मैं इन से मुहब्बत रखता हुँ तू भी इन से मुहब्बत रख एवं जो इन से मुहब्बत रखे इस को अपना महबूब व प्रिय बनाले।

(जामे तिर्मिज़ी, जिल्द 2, पः 218, हदीस संख्याः 4138)

इ़माम हुसैन के लिए सरकार पाक ने सजदे लम्बे कर दिया

www.Ziaislamic.com

सुनन निसाई, मुसनद इमाम अहमद, मुसन्नफ इब्न अबी शैबा, मुसतदरक अला सहिहैन, मुअजम कबीर तबरानी, मजमअ अल ज़वाईद, सुनन अल कुबरा लिल बैहखी, सुनन कुबरा लिल निसाई, अल मुतालिब अल यआला, मुसनद अबी लैअला तथा कंज़ुल उम्माल आदि में हदीस मुबारक हैः-

भाषांतरः हज़रत अबदुल्लाह बिन शद्दाद रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है, वह अपने पिता से वर्णित करते हैं, इन्हों ने फरमाया के हज़रत रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम इशां कि नमाज़ के लिए हमारे पास आए, इस स्थिति में आप हज़रत हसन या हज़रत हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को उठाए हुए थे, फिर हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम आगे तशरीफ ले गए तथा इन्हें बिठा दिया, फिर आप ने नमाज़ के लिए तकबीर फरमाई एवं नमाज़ अदा करने लगे नमाज़ में आप ने लम्बा सजा किया, मेरे पिता कहते हैः- मैं ने सर उठा कर देखा के हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम सजदे में है हैं तथा शहज़ादे रज़ियल्लाहु तआला अन्हु आप कि धन्य पीठ पर हैं। तो मैं फिर सजदे में चला गया, जब हज़रत रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम नमाज़ से फारिग़ हुए तो सहाबा किराम ने विनती कीः या रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम! आप ने नमाज़ में सजदा लम्बा (तवील) फरमाया के हमें आशंका हुई के कहीं कोई घटना पेस नहीं आई, या आप पर अल्लाह कि वही प्रकट नहीं हो रही है? तो सरकार पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने आदेश फरमायाः इस प्रकार कि कोई बात नहीं हुई सिवाए यह के मेरा (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) बेटा मुझ पर सवार हो गया था, और जब तक वह अपनी इच्छा से ना उतरे मुझे हटना पसंद ना हुआ।

www.Ziaislamic.com

(सुनन निसाई, हदीस संख्याः 1129, मुसनद इमाम, हदीस संख्याः 15456, मुसन्नफ इब्न अबी शैबा, जिल्द 7, पः 514, मुसतदरक अला सहिहैन, हदीस संख्याः 4759/6707, मुअजम कबीर तबरानी, हदीस संख्याः 6963, मजमअ अज़ ज़वाईद, जिल्द 9, पः 181, सुनन अल कुबरा लिल बैहखी, हदीस संख्याः 3558, सुनन कुबरा लिल नसाई, जिल्द 1, पः 243, हदीस संख्याः 727, अल मुतालिब अल आलियह, हदीस संख्याः 4069, मुसनद अबी यआला, हदीस संख्याः 3334, कंज़ुल उम्माल हदीस संख्याः 37706/37705/34380)

सरकार पाक ने हसनैन करीमैन कि लिए खुत्बा रोक दिया

जैसा के जामे तिर्मिज़ी, सुनन अबु दाऊद, सुनन निसाई में हदीस मुबारक हैः-

भाषांतरः हज़रत अबदुल्लाह बिन बरीदह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु कहते हैं के इन्होंने हज़रत अबु बरीदह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को कहते हुए सुना हबीब अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम हमें खुत्बा आदेश कर रहे थे के हसनैन करीमैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु धारीदार वस्त्र पहन कर लड-खडाते हुए आ रहे थे तो हज़रत रसूल अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम मिम्बर शरीफ से नीचे तशरीफ लाय इमाम हसन व इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हुमा को गोद में उठा लिया फिर (मिम्बर पर उजागर हो कर) आदेश फरमायाः अल्लाह तआला ने सत्य फरमायाः तुम्हारे धन तथा तुम्हारे औलाद एक परीक्षा है। मैं ने इन दोनों बच्चों को देखा संभल-संभल कर चलते हुए आ रहे थे लड-खडा रहे

www.Ziaislamic.com

थे मुझ से सहन ना हो सका यहाँ तक के मैं ने अपने खुत्बे को रोक कर इन्हें उठा लिया है।

(जामे तिर्मिज़ी, जिल्द अबवाबुल मनाखिब, पः 218, हदीस संख्याः 3707, सुनन अबु दाऊद, किताबुस सलाह, हदीस संख्याः 935, सुनन निसाई किताबुल जुमआ हदीस संख्याः 1396, ज़ुजाजातुल मसाबीह, जिल्द 1, पः 333)

हसनैन करीमैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हुमा का अस्तित्व शरीअत का दर्पण

इस प्रिय हदीस से हबीब पाक सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम ने शहज़ादे कि स्तर व उपाधि तथा इन से अपने पूर्ण हृदय के संबंध को प्रकाशन कर दिया के बचपन में शहाज़ादों के धरती पर गिर जाने का केवल चिन्ता भी हबीब पाक सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम के लिए अस्वीकार्य है।

हुज़ूर अकरम सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम ने करम नवाज़ी के सीमा दिखादी के शहज़ादे के लिए खुत्बे को रोक दिया मिम्बर (धर्मोपर्देशक का आसन) से नीचे तशरीफ ला कर इन्हें उठा लिया, अपने इस पावन कर्म के द्वारा दिन के जैसा स्पष्ट कर दिया के इनका अस्तित्व घर्म के लिए हैं, क्यों के सांसारिक कार्य के लिए खुत्बा रोकना नहीं जा सकता।

www.Ziaislamic.com

फिर मिम्बर पर निवास करा इन के चलने कि सुन्दर अदाओं का वर्णन करते हुए यह कर्म भी स्पष्ट कर दिया के इन कि हर हर अदा धर्म व शरीअ़त हैं।

इ़माम आली मखाम कि हबीब पाक सल्लल्लाहु तअ़ाला अलैहि वसल्लम से उच्च नज़दीकी कि यह शान व महिमा के गहवारा --- में आप के रोने से हुज़ूर पाक सल्लल्लाहु तअ़ाला अलैहि वसल्लम को तकलीफ व दुःख होताः-

भाषांतरः सैयदना ज़ैद बिन अबी ज़ियादा रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है, हज़रत रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु तअ़ाला अलैहि वसल्लम उम्मुल मोमिनीन आयशा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा के भवन से बाहर तशरीफ लाय तथा हज़रत फातिमा रज़ियल्लाहु तआला अन्हा के घर से गुज़र हुआ इ़माम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के रोने कि आवाज़ सुनी तो आदेश फरमायाः बेटी कया आप को मालूम नहीं! इन का रोना मुझे (सल्लल्लाहु तअ़ाला अलैहि वसल्लम) तकलीफ देता है।

(नूरुल अबसार, मनाखिब अल बैतुल नबी उल मुक़तार, जिल्द 139)

बचपन में इ़माम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु का रोना हबीब पाक सल्लल्लाहु तअ़ाला अलैहि वसल्लम को दुःख व तकलीफ का कारण है तो ग़ैर करना चाहिए के जिन अत्याचारों ने दल के करबला में ईमाम अ़ाली मखाम पर कठोरता व अत्याचार की सीमा पार करदी।

आप के – को प्यासा वध (संहार) किया। आप के तन पर घोड़े दौड़ाए, अन्य अहले बैत किराम व सरदार इ़माम को अत्यन्त तकलीफ व हानि पहुंचाकर इन्हें शहीद किया। 6 महीने के राजकुमार अ़ली असग़र रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को बजाए पानी प्रस्तुत करने के तीर चला कर बेदर्दी से शहीद कर डाला इन निर्दयी के अत्याचार हरकत तथा खतरनाक घटना से हबीब पाक सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम के लिए – को किस प्रकार तकलीफ व दुःख हुआ होगा।

क्या यह हानि व तकलीफ खाल जाएगी? कभी नहीं! अल्लाह तआ़ला ने आदेश फरमयाः

भाषांतरः निस्संदेह जो लोग अल्लाह तआ़ला तथा इस के रसूल अकरम सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम को दुख पहुँचाते हैं, अल्लाह तआ़ला ने उन पर दुनिया और आख़िरत में लानत की है एवं उनके लिए अपमानजनक यातना तैयार कर रखी है।

(सुरह अलःअह़ज़ाबः 33:57)

www.Ziaislamic.com

यज़ीद का सत्य चेहरा – हदीस व इतिहास के आईने में

नबी अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने क़ियामत तक स्पष्ट व प्रकट होने वाले सम्पूर्ण फितनों की स्पष्टीकरण व विस्तार वर्णन की है। आप सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने यज़ीद के फितने से भी उम्मत को सचेत फरमाया, इस सिलसिले में एक से अधिक हदीसों वर्णन हैं, कुछ रिवायतों में इशारे से वर्णन है तथा कुछ में स्पष्ट रूप से है के उम्मत में सब से प्रथम फसाद करने वाला, सुन्नतों को पामाल करने वाला, धर्म में बिगाड़ लाने वाला, बनी-उमैय्यह का यज़ीद नामी एक व्यक्ति होगा।

इस सिलसिले में हदीस के विज्ञान व विद्या के इमाम अबु बक्र इब्न अबी शैबा रहमतुल्लाहि अलैह (देहान्तः 235 हिज्री) ने अपनी मुसन्नफ में,

इमाम अबु यअला रहमतुल्लाहि अलैह (जन्मः 211 हिज्री, देहान्तः 307 हिज्री) ने अपनी मुसनद में,

इमाम अहमद बिन हुसैन बैहखी रहमतुल्लाहि अलैह (देहान्तः 458 हिज्री) ने दलाईल उन नुव्वह में,

हाफिज़ इब्न हजर असखलानी रहमतुल्लाहि अलैह (जन्मः 773 हिज्री, देहान्तः 852 हिज्री) ने अल मतालिब उल आलिया में,

इमाम शहाबउद्दीन अहमद बिन हजर मक्की हैतमी रहमतुल्लाहि अलैह ने अस सवाईख अल मुहरिक़ा में

तथा अल्लामा इब्न कसीर (जन्मः 700 हिज्री, देहान्तः 774 हिज्री) ने बिदायह वन निहायह में,

इमाम जलालउद्दीन सुयूती रहमतुल्लाहि अलैह ने तारीक़ अल खुलफा में हदीसें व्याख्या की है।

तीसरी सदी हिज्री के उच्च व विशेषज्ञ मुहद्दिस इमाम अबु यअला रहमतुल्लाहि अलैह (जन्मः 211 हिज्री, देहान्तः 307 हिज्री) ने अपनी मुसनद जिल्द 02, पः 176 में सनद के साथ हदीस पाक रिवायत की हैः-

भाषांतरः हज़रत सैयदना अबु उबैद बिन जर्रह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है हज़रत रसूलउल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने आदेश कियाः मेरी उम्मत का मामला न्याय के साथ स्थापित रहेगा यहाँ तक के सब से प्रथम इस में दरार डालने वाला बनु-उमैय्यह का एक व्यक्ति होगा जिस को यज़ीद कहा जाएगा। इसके सम्पूर्ण रावी ईमानदार व विश्वसनीय हैं।

(मुसनद अबु यअला, तारीक़ उल खुलफा, पः 166)

अधि अबुल फिदा इसमाईल बिन उमर, नामवर इब्न कसीर (जन्मः 700 हिज्री, देहान्तः 774 हिज्री) ने अपनी पुस्तक बिदायह वन निहायह, जिल्द 06, पः 256 में इस हदीस पाक को व्याख्या किया है।

www.Ziaislamic.com

उपर्युक्त वर्णन हदीस पाक को महान मुहद्दिस हज़रत इमाम शहाबउद्दीन अहमद बिन हजर मक्की हैतमी रहमतुल्लाहि अलैह ने भी अस सवाईख अल मुहरिक़ा, पः 132 में व्याख्या किया है। आप ने इस सिलसिले की अधिक एक रिवायत अस सवाईख अल मुहरिक़ा, पः 132 में वर्णन की हैः

भाषांतरः हज़रत सैयदना अबु दरदा रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है उन्हों ने फरमाया मैं ने हज़रत नबी अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को फरमाते हुए सुनाः सब से प्रथम जो मेरी सुन्नत को बदलेगा वह बनु-उमैय्यह का एक व्यक्ति होगा जिस को यज़ीद कहा जाएगा।

अल्लामा इब्न कसीर ने बिदायह वन निहायह, जिल्द 06, पः 256 में हज़रत अबु ज़र ग़िफारी रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की रिवायत से इस को व्याख्या किया, इस में "जिस को यज़ीद पुकारा जाएगा" के शब्द वर्णन नहीं, अधिक ये रिवायत निम्नलिखित पुस्तकों में भी उपलब्ध हैः-

मुसन्नफ इब्न अबी शैबा, जिल्द 08, पः 341, हदीस संख्याः 145

दलाईल उन नबुव्वह लिल बैहखी, हदीस संख्याः 2802

मतालिब उल आलियह, किताबुल फुतूह, हदीस संख्याः 4584

मेरी उम्मत का विनाश खुरैश के कुछ लड़कों के हाथों से होगी

सहीह बुखारी, जिल्द 02, किताबुल फितन, पः 1046, हदीस संख्याः 7058 में हैः-

भाषांतरः अम्र बिन यहया सईद बिन अम्र बिन सईद अपने दादा अम्र बिन सईद रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित करते हैं उन्हों ने फरमायाः मैं मदीने पाक में हज़रत नबी अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की मसजिद में हज़रत अबु हुरैरह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के साथ बैठा हुआ था तथा मरवान भी हमारे साथ था, हज़रत अबु हुरैरह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने फरमायाः मैं ने सत्यवादी पैगम्बर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को आदेश करते हुए सुनाः "मेरी उम्मत की हलाकत (विनाश) ख़ुरैश के कुछ लड़कों के हाथों से होगी।" मरवान ने कहा अल्लाह तआला ऐसे लड़कों पर लानत करे, हज़रत अबु हुरैरह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने फरमाया यदि मैं केहना चाहुँ के वह बनी फला एवं बनी फलां हैं तो कह सकता हुँ, हज़रत अम्र बिन यहया केहते हैं मैं अपने दादा के साथ बनी मरवान के पास गया जब के वह सीरिया देश के राज्यपाल थे, बस आप ने उन्हें कम उम्र लड़के के पास तो हम से फरमाया शीघ्र ये लड़के उन ही में से होंगे, हम ने कहा आप श्रेष्ठतर व बेहतर जानते हैं।

लड़कों के शासन से अल्लाह की सुरक्षा माँगों

मुसनद इमाम अहमद में हदीस पाक है (हदीस संख्याः 3800)-

भाषांतरः हज़रत सैयदना अबु हुरैरह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से वर्णित है हज़रत रसूलउल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने आदेश कियाः सत्तर की दिहाई के आरम्भ से और लड़कों के राज्य व शासन से अल्लाह तआला की पनाह व सुरक्षा माँगों।

(मुसनद अहमद, हदीस संख्याः 3800)

सहीह बुखारी के अनुवादक फत्हुल बारी हाफिज़ अहमद बिन हजर असखलानी रहमतुल्लाहि अलैह (जन्मः 773 हिज्री, देहान्तः 852 हिज्री) मुसन्नफ इब्न अबी शैबा के हवाले से हज़रत अबु हुरैरह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की ही एक और रिवायत व्याख्या करते हुए लिखते हैः

भाषांतरः मुसन्नफ इब्न अबी शैबा की रिवायत (हदीस) में है के हज़रत सैयदना अबु हुरैरह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु बाज़ार में चलते हुए भी ये दुआ करते "अए अल्लाह! सन 60 हिज्री और लड़कों का राज्य व शासन मुझ तक ना पहुँचे।"

हाफिज़ इब्न हजर असखलानी रहमतुल्लाहि अलैह रिवायत व्याख्या करने के बाद फरमाते हैः- इस रिवायत में इस बात की ओर इशारा है के प्रथम लड़का जो राज्य व शासन बनेगा वह 60 हिज्री में होगा। अर्थात ऐसा ही हुआ के यज़ीद बिन

मुअवियह इसी वर्ष राज्य के आसन पर बैठ और 64 हिज्री तक रह कर हलाक हो गया।

सहीह बुखारी के अनुवादक अल्लामा बदरउद्दीन ऐनी हनफी रहमतुल्लाहि अलैह उमदतुल खारी किताबुल फुतून, जिल्द 16, पः 333 में हुकूमत करने वाले प्रथम लड़के का मसदाख़ नियुक्त करते हुए फरमाते हैः-

भाषांतरः हुकूमत करने वाला पेहला लड़का यज़ीद, उस का वह योग्य है।

क़ियामत के खरीब उठने वाले फितनों से संबंधित जो हदीस पाक में वर्णन हैः-

भाषांतरः फिर गुमराही की ओर बुलाने वाले आएँगें।

इस हदीस पाक की शरह में हज़रत शाह वली उल्लाह मुहद्दिस दहेलवी रहमतुल्लाहि अलैह हुज्जतुल्लाहिल बलिग़ा, जिल्द 02, पः 213 में लिखते हैः-

भाषांतरः और गुमराही की ओर बुलाने वाले सीरिया में यज़ीद और इराक़ में मुक़तार हैं।

www.Ziaislamic.com

फक्रुल मुहद्दिसीन अबुल हसनात हज़रत सैय्यद अब्दुल्लाह शाह नक्षबंदी मुजद्दिदी खादरी मुहद्दिसे-देक्कन रहमतुल्लाहि अलैह ने मिरखात के हवाले से हज़रत मज़हर रहमतुल्लाहि अलैह का कथन व्याख्या किया हैः-

भाषांतरः उन लड़कों से तात्पर्य वह हैं जो खुलेफा-राशिदीन के बाद थे जैसे यज़ीद और अब्दुल मलिक बिन मरवान आदि।

(व्याख्यात्मक ज़ुजाजातुल मसाबीह, जिल्द 04, किताबुल फुतून, पः 228 / मिरखातुल मफातीह, जिल्द 05, किताबुल फुतून, पः 140)

इस सीमित समय में उस ने उम्मत में असाधारण फसाद फैलाया के मदीने पाक में (जहाँ से दुनिया को अमन व सलामती प्राप्त हुई) विनाशक मचाया, पावन मक्का जिस को अल्लाह तआज़ला ने अमन वाला शहर घोषित किया गोला-तोप का प्रबन्ध कर के कअबा शरीफ पर पत्थर बरसाए।

करबला के मैदान में अहले-बैत किराम पर 3 दिन तक पानी बंद करवा दिया। इन उच्च ज़ात का निरादर व असम्मान करवाया, नबूवत के परिवार पर अत्याचार का पहाड़ ढ़ाये। अहले-बैत किराम तथा इन के जान-निसारों को यहाँ तक के शहीदों के सरदार हज़रत सैयदना इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को शहीद करवाया।

www.Ziaislamic.com

हमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की हत्या का यज़ीद ने आदेश दिया! इब्न ज़ियाद का स्वीकृति वर्णन

जैसा के इब्न ज़ियाद खुद ही ने स्वीकार किया के यज़ीद ने उसे हज़रत सैयदना इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को शहीद करने का आदेश दिया वरना खुद उसे हत्या करने की धमकी दी थी जैसा अल्लामा इब्न असीर अल तारीक़ अल कामिल में इब्न ज़ियाद का कथन व्याख्या करते हैः-

भाषांतरः अब रहा इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को मेरा शहीद करना तो बात वास्तव में ये है के यज़ीद ने मुझे इस का आदेश दिया था बसूरत अन्य उस ने मुझे हत्या करने की धमकी दी थी तो मैं ने उन्हें शहीद करने को अपनाया।

(अत तारिक़ अल कामिल, जिल्द 03, पः 474)

इसलामी कानून के अनुसार कोई व्यक्ति किसी को हत्या करे तो खिसासन उसको हत्या कर दिया जाता है परन्तु यज़ीद ने इब्न ज़ियाद, शुमर और अन्य ओहदेदारों से ना खिसास लिया और ना इन को ओहदे से निकालाय गया बल्कि इस पर खुशी का प्रदर्शन किया बाद में हालात के बेक़ाबू होने के भय से सामयिक रूप से राजनीतिक अंदाज़ में रंज व मलाल का प्रदर्शन किया, बल्कि उस बदबक़्त ने इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के धन्य दंदान (दाँतों) को जहाँ हबीब पाक

सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम चूमा करते थे अपनी अपवित्र छड़ी से कचोके दिए।

यज़ीद ने इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के धन्य दाँतों को कचोके दिए

जैसा के अल्लामा इब्न कसीर ने हिदायह वन निहायह में अल्लामा इब्न असीर ने तारीक़ अल कामिल में तथा अल्लामा तबरी ने तारीक़ तबरी में लिखा हैः-

भाषांतरः अबु मिक़नफ ने अबु हमज़ा सुमाली से वर्णित की है उन्हों ने अब्दुल्लाह यमानी से वर्णित की है उन्हों ने खासिम बिन बुक़ैत से वर्णित की है उन्हों ने कहाः जब इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु का पवित्र सर यज़ीद के सामने रखा गया, उस के हाथ में एक छड़ी थी जिस से वह आप के सामने के धन्य दाँतों को कचोके देने लगा फिर उस ने कहा निश्चय उन की और हमारी मिसाल यही है जैसा के हुसैन बिन हसम्मान मुर्री (कवि) ने कहाः हमारी तलवारें ऐसे लोगों की खोपड़ियाँ फोड़ती हैं जो हम पर शक्ति व प्रभाव रखते थे तथा जो अत्यधिक अत्याचारी व अवज्ञाकारी थे।

हज़रत अबु बरज़ह असलमी रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने फरमायाः सुल ले अए यज़ीद क़सम खुदा की! तेरी छड़ी इस स्थान पर लग रही है जहाँ मैं ने रसूलउल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को चूमते हुए देखा है। फिर फरमायाः सावधान होजा! अए यज़ीद! क़ियामत के दिन इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु

तआला अन्हु इस शान व प्रतिभा से आएँगे के उन के शपीअ हज़रत मुहम्मद मुसतफा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम होंगे तथा तू इस प्रकार आएगा के तेरा तरफदार इब्न ज़ियाद होगा।

(बिदायह वन निहायह, जिल्द 08, पः 209 / तारीक़ अल कामिल, जिल्द 03, पः 437-439)

अधिक बिदायह वन निहायह, जिल्द 08, पः 215 पर इसी घटना से संबंधित उपर्युक्त वर्णन रिवायत के अंत में इस प्रकार व्याख्या हैः-

भाषांतरः उस समय यज़ीद से अबु बरज़ह रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने फरमाया अपनी छड़ी को हटाले क़सम खुदा की, मैं ने अधिकतर रसूल पाक सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को अपना धन्य मुँह इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के धन्य मुँह पर रख कर चूमते हुए देखा है।

हमें ज़र होने लगा के कहीं आसमान से पत्थर ना बरसाए जाएँ

शहीदों के सरदार हज़रत सैयदना इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की शहादत की घटना के कारण से मदीना वाले यज़ीद के सख्त विरोधी हो गए तथा सहाबी इब्न सहाबी हज़रत अब्दुल्लाह बिन हंज़ला रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के धन्य हाथों पर बैअत कर लिए तो यज़ीद ने एक सेना मदीने पाक पर आक्रमण के

लिए रवाना किया जिस ने मदीने वालों पर आक्रमण किया तथा उस के सम्मान व आदर को पामाल किया, इस अवसर पर हज़रत अब्दुल्लाह बिन हंज़ला रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने मदीने वालों से खिताब किया इस में यज़ीद की इसलाम के विरुद्ध आदतें व रीति-रिवाज का वर्णन किया जैसा के मुहम्मद बिन सआद रहमतुल्लाहि अलैह (जन्मः 168 हिज्री, देहान्तः 230 हिज्री) की तबखाते-कुबरा, जिल्द 05, पः 66 में इस का विस्तार उपलब्ध हैः-

भाषांतरः मदीने वाले हज़रत अब्दुल्लाह बिन हंज़ला रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से बैअत करने पर निश्चय हो गए तथा अपने मामले को आपके हवाले कर दिया तथा आप ने इन से आखरी दम तक मुक़ाबला करने की बैअत ली तथा फरमायाः अए मेरी क़ौम! अल्लाह तआला से ड़रो जिस का कोई शरीक नहीं, अल्लाह तआला की क़सम! हम यज़ीद के विरुद्ध उस समय उठ खड़े हुए जब के हमें ख़ौफ़ हुआ के कहीं हम पर आसमान से पत्थरों की वर्षा ना हो जाए, वह ऐसा व्यक्ति है जो माओं, बेटियों और बहनों से विवाह जायज़ घोषित देता है। शराब पिया करता है और नमाज़ छोड़ता है, अल्लाह तआला की क़सम! यदि लोगों में से कोई मेरे साथ ना हो तब भी मैं अल्लाह तआला के लिए इस मामले में वीरता व बहादुरी के जौहर दिखाउँगा।

हम ऐसे व्यक्ति के पास से आए जिसका कोई धर्म नहीं

अल्लामा अबु जरीर अल तबररी ने तारीक़ तबरी, जिल्द 01, पः 403 में लिखा हैः-

भाषांतरः उन्हों ने (अहले मदीने के प्रत्यायोजन यज़ीद के पास से वापस आ कर मदीने वालों से) कहाः हम ऐसे व्यक्ति के पास से आए हैं जिस का कोई धर्म नहीं, वह शराब पीता है, तंबूरे (चंग व सफ) बजाता है, उस के पास गाने वाली औरतें नाचती हैं, वह कुत्तों से खेलता है, तथा चोरों तथा छोकरों के साथ रात में कहानियाँ सुनाता है। अए लोगो! हम तुम्हें गवाह बनाते हैं के हम ने यज़ीद की बैअत तोड़दी फिर सम्पूर्ण मदीने वालों ने बैअत तोड़दी, लोग हज़रत अब्दुल्लाह बिन हंज़ला रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के पास आए तथा आप से बैअत किए, इसी प्रकार अत तारीक़ अल कामिल, जिल्द 03, पः 449 में भी है।

अल्लामा इब्न असीर (जन्मः 555 हिज्री, देहान्तः 630 हिज्री) की अत तारीक़ अल कामिल जिल्द 03, पः 337 के वर्णन में हैः-

भाषांतरः महान ताबाई हज़रत हसन बसरी रज़ियल्लाहु तआला अन्हु यज़ीद के बारे में फरमाते हैं वह अत्यन्त बुरे दर्जे का नशेबाज़ (पियक्कड़ व मद्यसारी) शराब नोशी का आदी था रेशम पहनता तथा तंबूरे बजाता।

वह शराब का इस प्रकार आदी था के हज्ज की यात्रा में जब मदीने पाक पहुँचा तब भी अपनी ये दुष्टतर आदत छोड़ा नहीं तथा शराब-नोशी करने लगा। अत तारीक़ अल कामिल, जिल्द 03, पः 465 में हैः-

भाषांतरः यज़ीद अपने पिता के जीवन में हज्ज किया जब मदीने पाक पहुँचा तो शराब-नोशी करने लगा।

मदीने वालों पर अत्याचार की हद पार करदी

अल्लामा इब्न कसीर (जन्मः 700 हिज्री, देहान्तः 774 हिज्री) ने बिदायह वन निहायह, जिल्द 06, पः 262 में लिखा हैः-

